30.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ राज्य सरकार ने तबादलों पर से प्रतिबंध हटाया–शिक्षा विभाग के अलावा अन्य विभागों में एक से दस जनवरी तक स्थानांतरण हो सकेंगे।

○ वर्ष 2024–25 की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संभागवार विधायकों के साथ बैठकें जारी।

○ राज्य में खनिज खोज कार्य का पांच साल का मास्टर प्लान बनाया जाएगा।

○ प्रदेश में कई स्थानों पर घने कोहरे का असर–सर्द हवाओं से गलन बढ़ी।

000

राज्य सरकार ने तबादलों पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। अब सरकारी कर्मचारियों के स्थानांतरण हो सकेंगे। इसे एक जनवरी से दस जनवरी तक की अवधि के लिए हटाया गया है। हालांकि शिक्षा विभाग में ये प्रतिबंध जारी रहेगा। स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा से जुडे कर्मियों के तबादले नहीं होंगे। प्रशासनिक सुधार और समन्वय विभाग ने इस बारे में आदेश जारी किये हैं। ये आदेश राज्य के सभी निगमों, मंडलों, बोर्ड और स्वायत्त शासी संस्थाओं पर लागू होंगे। वहीं मतदाता सूचियों के अपडेशन में लगे कर्मचारियों के तबादले भी सात जनवरी तक नहीं हो सकेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा वर्ष 2024–25 के लिये की गई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर संभागवार विधायकों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने अजमेर, बीकानेर और जयपुर के विधायकों के साथ संवाद किया। इस दौरान विधायकों ने अपने क्षेत्रों में पिछले एक साल में करवाए गए विकास कार्य मुख्यमंत्री के सामने रखे।

000

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। आगामी आम बजट–2025–26 के मद्देनजर ये पांचवीं बैठक थी। बैठक में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके साथ ही वित्त, निवेश और कई विभागों के सचिव तथा केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी बैठक में शामिल हुए। वित्त वर्ष 2025–26 के लिए केन्द्रीय बजट अगले साल पहली फरवरी को संसद में पेश किया जा सकता है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी प्रवास पर हैं। आज उन्होंने बूंदी में राजस्थान पेंशनर्स समाज के वार्षिक अधिवेशन में शिरकत की। इस अवसर पर श्री बिरला ने प्रदेश के विकास में पेंशनर्स के योगदान की सराहना की।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज पीएसएलवी–सी 60 का प्रक्षेपण करेगा। ये यान रात 9 बजकर 58 मिनट पर आंध्रप्रदेश के श्री हरिकोटा से छोड़ा जाएगा। चेज़र के नाम से जाना जाने वाला एसडीएक्स–01 और टारगेट के नाम से जाना जाने वाला एसडीएक्स–02 उपग्रहों को वृत्ताकार कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इनका स्थानीय समय चक्र लगभग 66 दिन का होगा। टारगेट और चेज़र दोनों उपग्रहों को दस से बीस किलोमीटर की दूरी पर एक ही कक्षा में स्थापित किया जाएगा।

000

राज्य में खनिज खोज कार्य का पांच साल का मास्टर प्लान बनाया जाएगा। आज जयपुर में राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की बैठक में ये जानकारी दी गई। खनिज विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि इससे प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा की खोज के काम में तेजी आएगी। इसके साथ ही खनिजों की उपलब्धता का समय पर आंकलन होने से खनिज ब्लॉकों की समय पर कारगर तरीके से नीलामी हो सकेगी। श्री रविकांत ने कहा कि खनिज खोज का मास्टर प्लान बनने से योजनाबद्व तरीके से नीलामी, खनन और दोहन का कार्य हो सकेगा। इससे रोजगार और राजस्व के अवसर बढ़ेंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ–साथ बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें। इसी से उनका सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि आज का युवा भारतीय इतिहास और प्राचीन ग्रंथों से बहुत कुछ सीख सकता है। श्री बागडे आज भरतपुर में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 60वें प्रांत अधिवेशन के उद्घघाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी महज किताबों के ज्ञान अर्जन या सर्टिफिकेट और डिग्री पर आश्रित नहीं रहें, बल्कि व्यवहारिक गुणों के साथ आगे बढ़ें।

राज्यपाल श्री बागडे आज जयपुर में "सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले का अवलोकन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देशभर से आई महिला स्वयं सहता समूहों की प्रतिनिधियों से संवाद भी किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज जयपुर में शिक्षा संकुल में बैठक हुई। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने बताया कि सभी स्कूलों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और अभिभावकों का कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए 14 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

000

प्रदेश में आज सवाईमाधोपुर, दौसा और झालावाड़ सहित कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा। वहीं सर्द हवाओं ने गलनभरी ठंड का असर बढ़ा दिया है। हालांकि मावठ के बाद कुछ स्थानों पर आज धूप निकलने से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली। आज माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सिरोही में 5 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। जैसलमेर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, सीकर, अजमेर और भीलवाड़ा में भी कड़ाके की सर्दी जारी है। भरतपुर में भी तेज ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित है।

सर्दी के बढते प्रकोप से मौसमी बीमारियों की आशंका बढ गई है। श्रीगंगानगर में चिकित्सा विभाग की ओर से बीमारियों से बचाव के लिए आमजन को सतर्क रहने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। वहीं भरतपुर में पाला पड़ने की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। किसानों को फसलों की हल्की सिंचाई करने और मेड़ों पर धुंआ करने की सलाह दी गई है।

इसी तरह पशुपालन विभाग ने भी शीतलहर को देखते हुए पशुओं को खुले में नहीं बांधने और चारे पानी का उचित प्रबंध करने का परामर्श दिया है।

000

साल 2024 को अलविदा कहने और नए साल की अगवानी के लिए प्रदेशभर में तैयारियां की जा रही हैं। बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी भी नए साल का जश्न मनाने के लिए राज्य के पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। मांउट आबू, रणथम्भौर, जैसलमेर, भरतपुर, उदयपुर, जोधपुर और राजधानी जयपुर सैलानियों से गुलज़ार हैं। मशहूर सांभर झील पर प्रवासी पक्षियों को निहार कर लोग सर्दी की छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। उधर, जयसमंद झील और महाराणा प्रताप की निर्वाण स्थली चावंड में भी लोगों की अच्छी भीड़ नजर आ रही है।
सैलानियों की रिकॉर्ड आवक को देखते हुए प्रशासन सजग और मुस्तैद है। पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के निदेशक, डॉ. पंकज धरेन्द्र ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए तकनीक का सहारा लेकर कई नवाचार किये गये हैं।

...............

पर्यटन सीजन चरम पर होने से स्थानीय कारोबारियों में खासा उत्साह है।

**000**

साल 2024 राजस्थान के लिए कई मायनों में खास रहा। एक ओर जहां, प्रचंड गर्मी का कहर रहा, वहीं मॉनसून काफी मेहरबान रहा। इन दिनों कड़ाके की सर्दी के बीच, प्रदेशवासी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं।

**000**